**एमएमपीएच -001**

**मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (MBA) / मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (ऑनलाइन) (MBAOL) / मास्टर ऑफ़ बिज़नेस एडमिनिस्ट्रेशन (ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट) (MBAHM) / पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा इन ह्यूमन रिसोर्स मैनेजमेंट (PGDIHRM)**

**सत्रीय कार्य**

**2026-2027**

**जुलाई 2026 और जनवरी 2027 सत्र**

# एमएमपीएच -001: प्रबंधन कार्य और संगठनात्मक प्रक्रियाएं

**(सत्रीय कार्य को जमा करने के लिए जुलाई 2026 सत्र के लिए अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 है और जनवरी 2027 के लिए 30 अप्रैल 2027 है )**

इग्नू
जन-जन का
विश्वविद्यालय

प्रबंध अध्ययन विद्यापीठ
इन्दिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय
मैदान गढ़ी, नई दिल्ली –**1100 68**

**सत्रीय कार्य**

| | | |
|---|---|---|
| **पाठ्यक्रम का कोड** | **:** | **एमएमपीएच -001** |
| **पाठ्यक्रम का शीर्षक** | **:** | **प्रबंधन कार्य और संगठनात्मक प्रक्रियाएं** |
| **सत्रीय कार्य का कोड** | **:** | **एमएमपीएच -001/टी. एम. ए./ जुलाई /2026-27** |

**नोट: सभी प्रश्नों का उत्तर दीजिए तथा यह सत्रीय कार्य अपने अध्ययन केंद्र के समन्वयक को जमा कीजिए। जुलाई 2026 सत्र हेतु अंतिम तिथि 31 अक्टूबर 2026 तथा जनवरी 2027 सत्र हेतु 30 अप्रैल 2027 है।**

1. 'संगठनात्मक प्रभावशीलता' (Organisational Effectiveness) की अवधारणा को परिभाषित कीजिए। यह संगठनात्मक दक्षता (Organisational Efficiency) से किस प्रकार भिन्न है, इसकी व्याख्या कीजिए। साथ ही, आधुनिक संगठन की समग्र प्रभावशीलता का मूल्यांकन करने हेतु प्रबंधकों द्वारा प्रयुक्त किसी दो प्रमुख दृष्टिकोणों अथवा मॉडलों का वर्णन कीजिए।
2. 'संगठनात्मक पुनर्संरचना' (Organisational Restructuring) से आप क्या समझते हैं? उन प्रमुख कारणों की चर्चा कीजिए जिनके कारण स्थापित संगठन अपनी संरचना एवं अभिकल्पना में परिवर्तन करते हैं। साथ ही, पुनर्संरचना प्रक्रिया के प्रमुख चरणों का उल्लेख कीजिए।
3. कार्यात्मक संगठनात्मक संरचना (Functional Organisation Structure) एवं मैट्रिक्स संगठनात्मक संरचना (Matrix Organisation Structure) में क्या अंतर है? मैट्रिक्स संरचना को अपनाने पर संगठन को प्राप्त होने वाले विशिष्ट लाभों तथा संचालन संबंधी चुनौतियों की विवेचना कीजिए।
4. आपने हाल ही में ABC लिमिटेड में वरिष्ठ मानव संसाधन प्रबंधक के रूप में कार्यभार ग्रहण किया है। कंपनी में कर्मचारियों द्वारा नौकरी छोड़ने या पाने की दर (Employee Turnover) तथा प्रेरणा स्तर में गंभीर गिरावट की समस्या उत्पन्न हो गई है। आंतरिक लेखा-परीक्षण से ज्ञात हुआ है कि इसका मुख्य कारण कार्य-जीवन की निम्न गुणवत्ता (Quality of Work Life – QWL) है, जो अत्यधिक दोहरावपूर्ण, नीरस एवं कठोर रूप से अभिकल्पित लिपिकीय तथा तकनीकी कार्यों के कारण उत्पन्न हुई है। मानव संसाधन प्रबंधक के रूप में निदेशक मंडल हेतु एक कार्य-योजना तैयार कीजिए।
   (क) ABC लिमिटेड में नवीन कार्य-अभिकल्पना (Job Design) लागू करने के मूल उद्देश्य को स्पष्ट रूप से बताइए।
   (ख) नीरसता को समाप्त करने तथा कर्मचारियों के मनोबल में वृद्धि करने के लिए कार्य-संवर्धन (Job Enrichment) एवं कार्य-परिवर्तन (Job Rotation) को व्यवहारिक रूप से किस प्रकार लागू करेंगे, इसका विवरण दीजिए।
5. "संगठन में मध्यम स्तर का संघर्ष रचनात्मक हो सकता है तथा विकास को प्रोत्साहित करता है, जबकि अत्यधिक संघर्ष संगठन के लिए हानिकारक एवं अव्यवस्थितकारी होता है।"

   उपरोक्त कथन के संदर्भ में संघर्ष एवं निष्पादन (Performance) के मध्य उल्टे-U (Inverted U) आकार के संबंध की व्याख्या कीजिए तथा प्रबंधकों के लिए उपलब्ध संघर्ष-निवारण की तीन प्रमुख तकनीकों का वर्णन कीजिए।